# Ch 8

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. भरत को आते हुए देखकर लक्ष्मण को क्या शंका हुई?

➢ भरत को आते हुए देखकर लक्ष्मण को शंका हुई कि, शायद वे लोग लड़ने आ रहे हैं।

(2) राम को देखकर भरत ने क्या किया ?

➢ राम को देखकर भरत राम के चरणों में गिर पड़े और उनसे क्षमा मांगी।

(3) राम अपना वनवास क्यों पूरा करना चाहते हैं?

➢ राम अपने माता-पिता की आजा का पालन करने के लिए अपना वनवास पूरा करना चाहते हैं।

(4) राम ने नगरजनों से क्या कहा?

➢ राम ने नगरजनों से कहा कि, जब तक मैं वनवास पुरा करके न लौटू तब तक भरत को आप अपना राजा मानें, यह मेरा आदेश है।

(5) भरत की जगह आप होते तो क्या करते?

➢ भरत की जगह में होता तो

(1) राम को लेकर ही अयोध्या लौटता।

(2) किसी भी प्रकार से राम को अयोध्या लौटने के लिए सहमत करता।

(3) अथवा मैं भी राम के साथ वन में रहकर उनकी सेवा करता।

प्रश्न 2. कोई रेपर यहां चिपकाइए और चिपकाया हुआ रेपर देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए:




(1) यह किसका रेपर है?

➢ यह बालाजी वेफर का रेपर है।

(2) इस रेपर पर क्या कीमत छपी हुई है?

➢ इस रेपर पर 5 रुपये कीमत छपी हुई है।

(3) इसका पैकिंग कब हुआ है?

➢ इसका पैकिंग दिनांक 13/9/2012 को हुआ है।

(4) इसका उपयोग कब तक कर लेना चाहिए?

- इसका उपयोग पैकिंग के बाद तीन महीनों तक कर लेना चाहिए।

- (5) इसके अलावा रेपर में और कौन-सी उपयोगी बातें छपी हैं?
- इसके अलावा रेपर में 100% Vegetarian (वेजीटेरियन), और बारकोड, वजन जैसी उपयोगी बाते छपा है।

प्रश्न 3. ऊँची आवाज़ में पढ़िए और अपनी कापी में लिखिए :

- लक्ष्मण, उपेक्षित, क्षमा, अयोध्या, इच्छा, प्रजा, कर्तव्य, ध्यान, प्रभु, इन्हें

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. राम, सीता और लक्ष्मण कहाँ गए?

- राम, सीता और लक्ष्मण बन में गए।

(2) राम ने नगरजनों को क्या समझाया?

- राम ने नगरजनों को समझाया कि, जब तक मैं वनवास पूरा करके न लौटू तब तक भरत आपके सुख-दुःख का ध्यान रखेगा। आप उसे राजा मान।

(3) राम ने भरत को क्या दिया?

- राम ने भरत को अपने बहाऊ दिए।

4) भरत ने खड़ाऊ लेकर क्या करने का सोचा ?

- भरत ने सिंहासन पर खड़ाऊ रखकर राजकाज करने का सोचा।

( 5) आप अपने भाई के साथ कैसा बरताव करते है?

- मैं अपने भाई के साथ प्यारभरा बरताव करता हूँ।

(2) बीमारी के समय में भाई की सेवा करता है।

( 3 ) मैं सब प्रकार से भाई की मदद करता हूँ।

प्रश्न 5. नीचे दिए गए वाक्यों में 'में' या 'मै' लगाकर वाक्य पूरे कीजिए:

(1) रोटी को देखकर बिल्ली के मुंह.........पनि आ गया ।

( 2)..........तुझे रोटी न ले जाने दूंगी।

(3).......कहती हैं कि यह रोटी मेरी है।

( 4 ) दोनों बिल्लियों........ झगड़ा हो गया।

( 5 ) रोटी लेने पहले........झपटी थी।

उत्तर : (1) में (2) मैं ( 3 ) मैं ( 4 ) में (5 ) मैं

प्रश्न 6. जल, थल और पेड़ों पर रहनेवाले पशु-पक्षियों के नाम अलग अलग लिखिए :

| जल में रहनेवाले | थल पर रहनेवाले | पेड़ों पर रहनेवाले |
|---|---|---|
| बतख | शेर | बदर |
| मछली | भालू | उल्लू |
| मगर | कुत्ता | गिलहरी |
| केकड़ा | गधा | बया |
| कछुआ | खरगोश | गिध्ध |